# सिपेट के विद्यार्थियों ने किया बलशाली पाइप्स फैक्ट्री का औद्योगिक भ्रमण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) के विद्यार्थियों एवं अधिकारियों ने आईसेक्ट इंडिया के बलशाली पाइप्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्पादन इकाइयों का अवलोकन कर पाइप निर्माण की आधुनिक प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली तथा औद्योगिक संचालन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, उत्पादन प्रबंधन एवं उद्योगों में कौशल आधारित कार्य संस्कृति के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्पादन प्रक्रिया को नजदीक से समझते हुए उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त किया।




औद्योगिक भ्रमण के उपरांत सिपेट के विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं बलशाली पाइप आईसेक्ट इंडिया की टीम द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं सतत भविष्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। इस पहल पर आईसेक्ट इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा, 'शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को कक्षा में अर्जित ज्ञान को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर देते हैं और उन्हें उद्योगों की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करते हैं। हमें प्रसन्नता है कि सिपेट के विद्यार्थियों ने हमारे बलशाली पाइप्स संयंत्र का भ्रमण कर उत्पादन प्रक्रियाओं को समझा। साथ ही वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की।'

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अधिकारियों ने आईसेक्ट इंडिया द्वारा संचालित औद्योगिक गतिविधियों की सराहना की तथा इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी अनुभव बताया।

# एम्स के कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम के अंतर्गत 85 वर्षीय व्यक्ति का सफल नेत्रदान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एम्स के कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम के अंतर्गत 85 वर्षीय स्वर्गीय राजकिशोर प्रसाद का सफल नेत्रदान किया गया। संस्थान के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर के मार्गदर्शन में संपन्न इस प्रक्रिया ने एक बार फिर नेत्रदान के महत्व को रेखांकित किया है।

बिहार के बक्सर जिले के नवानगर निवासी स्व. राजकिशोर प्रसाद के निधन के बाद उनके पुत्र बिनोद कुमार ने नेत्रदान का निर्णय लिया। बिनोद कुमार स्वयं एम्स भोपाल में चिकित्सा सामाजिक सेवा अधिकारी (एमएसएसओ) के पद पर कार्यरत हैं। परिवार की सहमति और सहयोग से नेत्रदान की पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। एम्स भोपाल के नेत्र बैंक एवं नेत्र रोग विभाग की टीम ने परिजनों को नेत्रदान की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया।




दुख की घड़ी में परिवार द्वारा लिया गया यह निर्णय समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है। नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) भावना शर्मा ने कहा कि कॉर्नियल दृष्टिहीनता से पीड़ित अनेक मरीजों के लिए नेत्रदान नई आशा और नया जीवन लेकर आता है। उन्होंने लोगों से मृत्यु के बाद नेत्रदान का संकल्प लेने और इस महादान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की।

प्रो. शर्मा ने इस सफल नेत्रदान के लिए नेत्र बैंक टीम, मेडिकल आईसीयू की नर्सिंग एवं चिकित्सक टीम तथा ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय पर सूचना, बेहतर समन्वय और सभी संबंधित टीमों के सहयोग से यह प्रक्रिया सफल हो सकी। एम्स भोपाल ने स्व. राजकिशोर प्रसाद के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके इस मानवीय और प्रेरणादायक निर्णय की सराहना की। संस्थान ने आमजन से भी नेत्रदान के प्रति जागरूक होने और दूसरों के जीवन में रोशनी लाने का आह्वान किया।

# बैंक ऑफ इंडिया का 'एनपीएस वात्सल्य' अभियान शुरू

Bank of India
Relationship beyond banking

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बच्चों में बचपन से बचत की आदत विकसित करने और उनके सुरक्षित भविष्य की नींव रखने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल आंचलिक कार्यालय ने 'एनपीएस वात्सल्य' विशेष जागरूकता एवं ऑनबोर्डिंग अभियान शुरू किया है।

अभियान के तहत भोपाल, ग्वालियर सहित आंचल के विभिन्न जिलों में स्कूलों, आवासीय सोसायटियों और सार्वजनिक स्थलों पर अभिभावकों को योजना की जानकारी दी जा रही है। आंचलिक प्रबंधक ने बताया कि 'ईच वन, एनरोल वन' अभियान के माध्यम से प्रत्येक कर्मचारी और हितधारक को कम से कम एक नाबालिग का खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित इस योजना में मात्र 250 रुपये से खाता खोला जा सकता है तथा 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर यह नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो जाता है। योजना में कर लाभ और जरूरत पड़ने पर आंशिक निकासी की सुविधा भी उपलब्ध है। बैंक ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा योजना से अवश्य जोड़ें।

# पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु निशातपुरा कारखाने में लगा शिविर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना (सडिपुका), निशातपुरा में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और उनसे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से पेंशनर शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में पेंशनरों और रेल प्रशासन के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

प्रशासनिक भवन सभागार में आयोजित बैठक में पेंशनरों ने पेंशन संशोधन, लंबित प्रकरणों, पारिवारिक पेंशन, चिकित्सा सुविधाओं तथा अन्य कल्याणकारी विषयों से जुड़ी समस्याएं और सुझाव रखे।

ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन एवं पेंशनर एसोसिएशन, सडिपुका भोपाल शाखा के प्रतिनिधियों ने इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

रेल प्रशासन ने पेंशनरों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया।

साथ ही शेष लंबित प्रकरणों के त्वरित और प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि पेंशन संबंधी मामलों का समयबद्ध निपटारा और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस दौरान भविष्य में भी नियमित अंतराल पर ऐसे शिविर और संवाद कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी, ताकि पेंशनरों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में रेल प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।


## कार्यालय कलेक्टर एंव सक्षम प्राधिकारी रायसेन जिला रायसेन म.प्र.

**क्रमांक/2098/कॉलोनी / 2026** **दिनांक 16/06/2026**

### सार्वजनिक सूचना

**दिनांक 31.12.2016 के पूर्व अस्तित्व में आई अनाधिकृत कालोनियों के विकास हेतु (म.प्र. नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के नियम 23 (6) अंतर्गत) अनाधिकृत कॉलोनियों का अंतिम सूचना का प्रकाशन**

नगर परिषद औबेदुल्लागंज जिला रायसेन की सीमा क्षेत्र में नियम 23 (4) के अंतर्गत कार्यवाही उपरान्त दिनांक 31.12.2016 के पूर्व अस्तित्व में आई अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक अधोसंरचना एवं भवन निर्माण की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु चिन्हित अनाधिकृत कॉलोनियों के अभिन्यासों का प्रारंभिक प्रकाशन कराया जाकर तदउपरांत निर्धारित समयावधि में कोई भी दावे आपत्ति प्राप्त ना होने से निम्नांकित कॉलोनियों के अभिन्यासो का अंतिम प्रकाशन किया जाता है।

| क्र. | वार्ड क्रमांक | अनाधिकृत कॉलोनी का नाम/स्थान | भूस्वामी का नाम व पूरा पता | अनाधिकृत कॉलोनी की भूमि का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ग्राम/करबा एवं पटवारी हल्का क्रं. | सर्वे क्रं. | क्षेत्रफल (हे.मं.) |
| 1. | 02 | विजय नगर औबेदुल्लागंज | श्री जमना सेन निवासी रायसेन | 8/25 | 121 | 0.991 |
| 2. | 02 | जानकी नगर औबेदुल्लागंज | श्री अशोक पटेल निवासी, वार्ड क्रं. 03 खिल्लीखेड़ा औबेदुल्लागंज | 8/25 | 123/1/2/ एवं 123/1/1 /2/2 | 2.023 |
| 3. | 02 | शीला मालवीय कॉलोनी, औबेदुल्लागंज | श्रीमती शीला मालवीय पत्नि सीताराम मालवीय निवासी औबेदुल्लागंज | 8/25 | 119/2/1/ 1/1 | 0.404 |

उपरोक्त लिखित अनाधिकृत कॉलोनियों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये सक्षम प्राधिकारी /निकाय में कार्यालीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

**कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकार**
**जिला–रायसेन**



## निरस्तीकरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार 1. श्रीमति गंगाबाई पत्नि श्री स्व. श्री प्रहलादसिंह 2. श्री अनिल कुमार आत्मज श्री प्रहलाद सिंह निवासी ग्राम अमोदा तहसील गौहरगंज जिला–रायसेन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम उदयपुर पटवारी हल्का नं. 52 राजस्व निरीक्षक मण्डल एंव विकासखण्ड औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है। जिसका खसरा नं. 136/2/1/1 रकबा 1.058 हैक्टयर में से रकबा 0.405 हैक्टयर भूमि क्रय करने का सौदा तय कर किया था। जिसकी जाहिर सूचना दिनांक 09/05/2026 को दी गई है। उक्त सौदा निरस्त किया जा रहा है।

**इन्द्रजीतसिंह गिल नोटरी /अधिवक्त औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र., मो. 9424412922**


## सूडोकु नवताल- 7814

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.


■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7813 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 7487



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः





### काकुरो - 7486 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8884



**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

### शब्द पहेली -8883 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7326



**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म–३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म–२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म–३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म–४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म–२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म–३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म–२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म–२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म–३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म–२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म–२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म–३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म–३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म–२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म–३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म–२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म–३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म–४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म–४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म–२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म–३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी–२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म–५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म–२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म–३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म–२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म–२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म–३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म–३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म–२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म–३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म–२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म–२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7325

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | वा | ह | | इ | श्क | वि | श्क | | टा |
| द्या | | मे | | श्क | | धा | | फ | र्ज |
| बा | द | शा | ह | | शै | ता | न | | न |
| ल | | | सी | मा | | | का | ल | |
| न | ज | रा | ना | | श | बा | ब | | सं |
| | मी | ना | | ना | रा | ज | | दा | ता |
| आ | न | | का | | बी | | ना | दा | न |
| शि | | जो | शी | ले | | फि | जा | | |
| क | शि | श | | कि | ला | | य | हू | दी |
| | वा | | डॉ | न | | आ | ज | | पा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-7420

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 3 | 2 | |
| 2 | 35 | | 26 | | 28 | 6 |
| | 7 | | 4 | 1 | 6 | |
| | 28 | 4 | 27 | | 36 | 4 |
| | 2 | 3 | | 5 | | |
| 6 | 35 | 7 | 35 | | 38 | 2 |
| 3 | | | 1 | | 4 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7419 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 27 | 7 | 32 | 4 | 34 | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 37 | 6 | 33 | 6 | 29 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 33 | 5 | 31 | 7 | 34 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 8440

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | क | ल | व | ग | ब | ना | क | प | ल | क |
| र | वि | ल | न | व | जी | ग | द | इ | ट | ली |
| त | स | र्म | ल | र्म | छ | पु | रा | रा | ख | क |
| क | ज | ज | य | पु | र | न | प | न | ल्ली | क |
| क | क | दो | ग | श्री | लं | का | तू | ग | झ | क |
| जी | क | ल | प | ह | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| ती | आ | स्ट्रे | लि | या | प | ल | श | र | ला | ल |
| क | ता | दा | ई | धा | ब | क | फ | लो | श | पा |
| ने | बा | चे | न्न | ब्रा | जी | ल | री | ग | प | कि |
| द | पा | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | प | स्ता |
| क | क | ल | प | ची | न | रा | बा | द | प | न |

*शब्द जाल में 10 विभिन्न देशों के नाम ढूंढिए. दिए गए देशों के नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

इटली, भारत, चीन, ब्राजील, जर्मन, नेपाल, पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, इरान.

### शब्दजाल - 8439 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore